# प्राथमिक शिष्यवृत्ती परीक्षा (PSE) कक्षा 4 थी, अप्रैल – 2026

बैठक क्र. | | | | | | | | | | |

**0 3 0 1**

पेपर क्र. - I

वेळ : 11:00 ते 12:30

**माध्यम : हिन्दी**

संच **A**

**प्रथम भाषा व गणित**

एकूण गुण : 150

पृष्ठ : 32

**प्रश्नपत्र हल करने से पहले कृपया नीचे दिये गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

(1) इस प्रश्नपत्र के **दो** भाग हैं। जिसमें से भाग – **I** में प्रथम भाषा विषय से संबंधित **1** से **25** और भाग **II** में गणित विषय से संबंधित **26** से **75** प्रश्न पूछे गए हैं। सभी **75** प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) प्रत्येक प्रश्न **2** अंक के लिए है।

(3) प्रश्नपत्र हल करने के लिए कुल **90** मिनट का समय दिया जाएगा।

(4) उत्तर देने के लिए स्वतंत्र उत्तरपत्रिका दी जाएगी। प्रत्येक प्रश्न क्रमांक के सामने चार विकल्प के लिए क्रमानुसार दीर्घवृत्त दिए गए हैं। जिनमें से सही उत्तर – विकल्प के दीर्घवृत्त को नीचे दिए गए उदाहरणानुसार भरें।
उदा. प्रश्न क्र. **6** का सही उत्तर विकल्प क्र. **2** है, तो आगे दिए अनुसार उत्तर भरें।
प्रश्न क्र. **6** ① ● ③ ④

(5) नीचे दिये गए उदाहरण के अनुसार अंकित किए गए उत्तर स्वीकार्य नहीं किए जायेंगे। इस प्रकार अंकित किए गए प्रश्न के उत्तर को 'शून्य' अंक दिए जायेंगे। ✓ ② ⊙ ④

(6) प्रत्येक प्रश्न के लिए एक से अधिक दीर्घवृत्त में उत्तर अंकित किये गए, चिन्हांकित किये गए उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

(7) एक बार अंकित किए गए उत्तर दोबारा बदले नहीं जा सकते।

(8) विकल्प के उत्तर अंकित करने के लिए केवल काले और नीले रंग के बॉलपेन का ही इस्तेमाल करें। पेन्सिल से अंकित उत्तर स्वीकार्य नहीं किए जायेंगे।

(9) प्रश्नपत्र के प्रत्येक पृष्ठ के नीचे और अंतिम पृष्ठ पर कच्चे काम (Rough work) के लिए खाली जगह है, वहीं कच्चा काम (Rough work) करें।

(10) परीक्षा की अवधि मर्यादित होने के कारण यदि किसी प्रश्न का उत्तर आपको नहीं पता हो तो आगे के प्रश्न हल करें। अंत में समय बचने पर रह गए प्रश्नों के लिए पुनः प्रयास करें।

(11) किसी प्रश्न में त्रुटि/गलती परिलक्षित होने पर पर्यवेक्षक या परीक्षा केंद्र संचालक से विचार विमर्श ना करें।

(12) प्रश्न में त्रुटि/गलती/इसके संबंध में निवेदन विद्यालय अथवा अभिभावकों द्वारा समूह शिक्षणाधिकारी या शिक्षणाधिकारी के पास लिखित रूप में न भेजकर संबंधित विद्यालय के लॉगिन से ऑनलाईन पद्धति से ही भेजें।

(13) त्रुटि/गलती/इसके संबंध में निवेदन ऑनलाईन पद्धित से भेजने की अवधि परीक्षा परिषद के निर्देश स्थान से अंतरिम (अस्थायी) उत्तर सूची के प्रेषित होने से लेकर **10** (दस) दिन तक रहेगी।

(14) टंकण दोष या अन्य कारण से प्रश्न गलत परिलक्षित होने पर विशेषज्ञ समिति के निर्णयानुसार योग्य कार्यवाही की जायेगी।

(15) मूल माध्यम के साथ अंग्रेजी भाषा में भी प्रश्नपत्र दिया गया है। मूल माध्यम के संदिग्ध प्रश्नों के लिए अंग्रेजी प्रश्न देखें।

## विभाग - I

## हिंदी

**प्रश्न क्र. 01 से 03 के लिए सूचना : –**

नीचे दिए गए वाक्यों के रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए उचित पर्याय चुनिए।

**01.** गांधीजी का पूरा नाम मोहनदास ......... गांधी है।

(1) करमचंद
(2) मोतीलाल
(3) गोपीचंद
(4) जमनालाल

**02.** लोग उन्हें .......... कहते है।

(1) महात्मा
(2) नेताजी
(3) महात्मा राष्ट्रपति
(4) लौह पुरुष

**03.** महात्मा गांधी .............. के पुजारी थे।

(1) असत्य
(2) अहिंसा
(3) छुआछूत
(4) हिंसा

**04.** नीचे दिए वाक्य के लिए सर्वोत्कृष्ट विकल्प का योग्य पर्याय चुनिए।

* वह होशियार चोर झूठ बोलने में ........ था।

(1) सावधान
(2) प्रबल
(3) सशक्त
(4) निपुण

**05.** ‘फ्रैक्चर’ शब्द के लिए हिंदी भाषा में क्या अर्थ हैं?

(1) अस्थिभंग
(2) संधि तोड़
(3) रक्तस्राव
(4) शल्यक्रिया

**06.** वाक्य के अधोरेखांकित शब्द का योग्य समानार्थी शब्द पहचानिए।

* वसंत सविता का छोटा भाई है।

(1) जनक
(2) अग्रज
(3) भ्राता
(4) भर्ता

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**07.** आकृति में आड़े, खड़े दोनो शब्दों के अर्थपूर्ण होने के लिए रिक्त स्थान में कौन-सा अक्षर आएगा?

| | | |
|---|---|---|
| प | | न |
| | त | |
| | न | |

(1) ज (2) व
(3) र (4) ठ

**08.** नीचे दिए गए शब्द के लिए उपयुक्त शब्द समूह का योग्य पर्याय चुनिए।
* उभयचर -
(1) जमीन पर रहनेवाला प्राणी
(2) पानी में रहनेवाला प्राणी
(3) पानी और जमीन दोनों पर रहनेवाला प्राणी
(4) आकाश में रहनेवाला प्राणी

**09.** चूजा किसका बच्चा है?
(1) मुर्गी का (2) कुत्ते का
(3) बकरी का (4) भेड़ का

**10.** प्राणी और उनके आवास की गलत पर्याय की जोड़ी पहचानकर उनका योग्य पर्याय क्रमांक चुनिए।
(1) कौआ - घोसला (2) भैंस - गोशाला
(3) मुर्गी - गोठ (4) मनुष्य - घर

**11.** नीचे दिए गए वाक्य में से रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानकर योग्य पर्याय चुनिए।
दुकानदार ने ग्राहक को शक्कर का भाव बताया।
(1) भक्ति (2) कीमत
(3) भावना (4) रुवाब

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**12.** नीचे दिए गए नारा के उद्‌घोषक के नाम का योग्य पर्याय चुनिए।
"स्वराज्य हमारा जन्मसिद्‌ध अधिकार है।"

(1) सुभाषचंद्र बोस (2) रानी लक्ष्मीबाई
(3) लोकमान्य तिलक (4) अटल बिहारी वाजपेयी

**13.** नीचे दिए गए रिक्त स्थान के लिए योग्य पर्याय क्रमांक चुनिए।
* पिताजी की बहन को ............ कहते हैं।

(1) देवरानी (2) ननद
(3) खाला (4) बुआ

**14.** नीचे दी गई बोली किसकी है? योग्य पर्याय पहचानकर चुनिए।
* रँभाना –

(1) शेर (2) गाय
(3) कुत्ता (4) बकरी

**प्रश्न क्र. 15 से 17 के लिए सूचना : –**

नीचे दिए गए समाचार पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर का सही पर्याय का क्रमांक चुनिए :

**पुणे के कुछ भागों में वर्षा की बौछार**

पुणे : सिंहगड़ रास्ते में पुणे के कुछ भागों मे सोमवार दोपहर को वर्षा की बौछार हुई और रेनकोट-छतरी जिनके पास नहीं थें, ऐसे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अगले चार दिन पुणे वासियों के लिए मौसम बादल युक्त और मेघगर्जना के साथ वर्षा की आशंका मौसम विभाग ने बताया है। उस दिन दोपहर के बाद मेघ गर्जना के साथ वर्षा के संकेत दिए हैं।

**15.** यह समाचार किससे संबंधित है?

(1) मौसम विभाग (2) मेघगर्जना
(3) वर्षा (4) नागरिक

<u>रफ कार्य हेतू स्थान</u>

**16.** हवामान की आशंका किसने बताया है?

(1) वर्षा (2) मौसम विभाग

(3) बादल (4) नागरिक

**17.** 'मेघ' इस अर्थ में उपर्युक्त समाचार में कौन-सा शब्द आया है?

(1) नागरिक (2) वर्षा

(3) गर्जना (4) बादल

**प्रश्न क्र. 18 और 19 के लिए सूचना : –**

नीचे दिया गया विज्ञापन पढ़ो और पूछे गए प्रश्न के उत्तर के सही विकल्प – क्रमांक को चुनिए :

प्लास्टिक हटाओ – पर्यावरण बचाओ!

प्लास्टिक की थैलियाँ रद्द करो!
कागज की थैलियाँ अपनाओ!

विभिन्न प्रकारों की, विभिन्न आकारों की

पतली –मोटी

कागज की थैलियाँ

**हम तैयार करते हैं।**

विभिन्न अवसरों पर, विभिन्न कार्यों में
लगनेवाली थैलियाँ
**हमारे पास उपलब्ध हैं।**

केवल एक फोन करें
जैसी चाहिए वैसी थैलियाँ उचित मूल्य में आपके घर पहुँचा देंगे।
हमारा नंबर नोट करें – वॉट्सअॅप पर सैंपल्स देखें।

**: संपर्क :**
**थैलीवाला – २२२३४५१२३४५**

**18.** विज्ञापन में किस वस्तु का उपयोग करने के लिए कहा गया है?

(1) प्लास्टिक की थैली का (2) कपड़े की थैलियों का

(3) सूती थैलियों का (4) कागज की थैलियों का

रफ कार्य हेतू स्थान

**19.** थैलियों के नमूने कहाँ देखने के लिए मिलेंगे?

(1) मोबाइल

(2) टेलीफोन

(3) दूरदर्शन

(4) पड़ोसी के पास

**20.** नीचे दिए गए वाक्य के अधोरेखांकित संज्ञा के स्थान पर किस सर्वनाम का प्रयोग किया जा सकता है उसका पर्याय क्रमांक चुनिए।

* <u>सतीश</u> आज रात को सिनेमा देखने जाएगा।

(1) हम

(2) मैं

(3) वह

(4) तुम

**21.** नीचे दी गई विरुद्ध लिंगीय शब्दों की जोड़ियों में से गलत जोड़ी का पर्याय क्रमांक चुनिए।

(1) पुरुष - स्त्री

(2) सास -ससुर

(3) विदुषी - विद्वान

(4) राजा - रंक

**22.** नीचे दिए गए वाक्य के अधोरेखांकित शब्द का वचन पहचानकर उसका पर्याय क्रमांक चुनिए।

* <u>मकानों</u> में पंखे लगे थे।

(1) बहुवचन

(2) एकवचन

(3) उभयवचन

(4) आदरार्थी बहुवचन

| रफ कार्य हेतू स्थान |
|---|
| |

**23.** नीचे दिया गया नाम किस विरामचिह्न का है उसका उचित पर्याय क्रमांक चुनिए।

* विस्मयादिबोधक चिह्न

(1) ?

(2) !

(3) ,

(4) ।

**24.** नीचे दिए गए शब्द-समूह में से शुद्ध शब्द पहचानकर उसका पर्याय क्रमांक चुनिए।

(1) ससांर

(2) ससारं

(3) संसार

(4) सनसार

**25.** नीचे दिए गए मुहावरे को पूर्ण करने के लिए योग्य शब्द का पर्याय चुनिए।

* अंत भला सो .......... भला।

(1) जग

(2) जगत

(3) क्या


(4) सब


**रफ कार्य हेतू स्थान**


SECTION - II


## MATHEMATICS

**26.** Complete the picture pattern given below.



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**27.** If Independence Day is on Friday then which days will occur 5 times, in the same month?

(1) Saturday, Sunday, Monday
(2) Monday, Tuesday, Wednesday
(3) Tuesday, Wednesday, Thursday
(4) Friday, Saturday, Sunday

**28.** Which will be the second last number, if the following numbers are written in descending order?
40405, 45005, 45050, 40504

(1) 40504
(2) 45005
(3) 40405
(4) 45050

**29.** Salma needs two and half meter of fabric to stitch a Kurti and her two sisters need one and half meter of fabric each. The shopkeeper cut the required fabric for the three of them from a fabric roll of 10 meters and gave them. How much of the fabric is remaining in the roll?


(1) 5.5 meters
(2) 4.5 meters
(3) 7.5 meters
(4) 7 meters


**SPACE FOR ROUGH WORK**


## विभाग - II


### गणित

**26.** नीचे दिया गया आकृतिबंध पूर्ण करो।



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

**27.** 'स्वतंत्रता दिन' शुक्रवार को होगा, तो उस महिने में कौनसे वार पाँच बार आएगें?

(1) शनिवार, रविवार, सोमवार  (2) सोमवार, मंगलवार, बुधवार

(3) मंगलवार, बुधवार, गुरूवार  (4) शुक्रवार, शनिवार, रविवार

**28.** निम्नलिखित संख्याएँ घटते क्रम से लिखने पर अंतिम दुसरी संख्या कौन-सी आएगी?

४०४०५, ४५००५, ४५०५०, ४०५०४

(1) ४०५०४  (2) ४५००५

(3) ४०४०५  (4) ४५०५०

**29.** कुर्ती सिलाने के लिए सलमा को ढाई मीटर तथा उसकी दोनो बहनों को प्रत्येकी डेढ़ मीटर कपड़ा लगता है। १० मीटर कपड़े की थान में से दूकानदार ने तीनों के लिए कपड़ा काटा तो उस थान में कितना कपड़ा शेष रहेगा?

(1) साढ़े पाँच मीटर  (2) साढ़े चार मीटर

(3) साढ़े सात मीटर  (4) सात मीटर

रफ कार्य हेतू स्थान

**30.** If the fractions $\frac{5}{3}, \frac{8}{3}, \frac{7}{3}, \frac{1}{3}, \frac{4}{3}$ are arranged in descending order, then which of the following fractions will occur serially first and last?

(1) $\frac{1}{3}$ and $\frac{8}{3}$ (2) $\frac{8}{3}$ and $\frac{7}{3}$

(3) $\frac{1}{3}$ and $\frac{4}{3}$ (4) $\frac{8}{3}$ and $\frac{1}{3}$

**31.** Between 1 to 100, which digit out of 1 and 2 occurs more number of times and by how much?

(1) digit 1 occurs 2 more times than 2

(2) digit 1 occurs 1 more time than 1.

(3) digit 1 and 2 occur equal number of times.

(4) digit 2 occurs 1 more time than 1.


**32.** Select from the options which numbers will replace ∗ and □ respectively in the given example.

```
  ∗ 0 ∗ 0 □
−   1 6 2 ∗
-----------
  □ 9 1 □ 9
```

(1) 7, 8 (2) 6, 7

(3) 8, 7 (4) 7, 6

**33.** Write the number of vertices in the given figure.



(1) 8 (2) 10

(3) 12 (4) 14

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**30.** $\frac{५}{३}, \frac{८}{३}, \frac{७}{३}, \frac{१}{३}, \frac{४}{३}$ यह भिन्न घटते क्रम से लगाने पर प्रथम तथा अंतिम भिन्न क्रमशः कौन–सा आएगा?

(1) $\frac{१}{३}$ तथा $\frac{८}{३}$ (2) $\frac{८}{३}$ तथा $\frac{७}{३}$

(3) $\frac{१}{३}$ तथा $\frac{४}{३}$ (4) $\frac{८}{३}$ तथा $\frac{१}{३}$

**31.** १ से १०० संख्या में १ तथा २ में से कौन–सा अंक अधिक बार आया है और कितने से?


(1) १ यह अंक २ से अधिक बार आया है।
(2) १ यह अंक १ से अधिक बार आया है।
(3) १ तथा २ यह अंक समान बार आए है।
(4) २ यह अंक १ से अधिक बार आया है।

**32.** निम्नलिखित उदाहरण में ∗ तथा □ के स्थानपर क्रमशः कौन–से अंक आएगें यह पर्यायों में से चूनो।

```
  ∗ ० ∗ ० □
–   १ ६ २ ∗
-----------
  □ ९ १ □ ९
```

(1) ७, ८ (2) ६, ७
(3) ८, ७ (4) ७, ६

**33.** नीचे दी गई आकृति के शीर्षबिंदू गिन कर लिखिए।



(1) ८ (2) १०
(3) १२ (4) १४

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**34.** Students are arranged for a music drill. The number of rows is greatest 1 digit odd number. The number of students in each row is smallest 2 digit odd number. How many students are standing for the drill?

(1) 99 (2) 171

(3) 180 (4) 33

**35.** How many symmetrical lines can be drawn in a circle?

(1) one and only 1 (2) 2

(3) infinite (4) not any

**36.** Joseph filled 12 boxes with 18 mangoes in each box. 5 mangoes remained with him. How many mangoes did Joseph have?

(1) 212 (2) 221

(3) 216 (4) 211

**37.** Sumedh distributed pens equal to the number of friends, to every friend. Then, how many pens did he distribute in all?

(1) 27 (2) 38

(3) 53 (4) 49

**38.** Using the digits 9, 5, 0, 4, 1 only once, the smallest 5 digit number written by Ameya was 10459. Safa wrote 01459, Tanvi wrote 95410, Arya wrote 95401. Who wrote the correct number?

(1) Safa (2) Tanvi

(3) Ameya (4) Arya

**39.** For a school picnic, 37 students paid Rs. 455 each. Rs. 12,000 were deposited at State Transport Board. What is the balance amount for other expenses?

(1) 16835 (2) 4835

(3) 28835 (4) 4735

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**34.** मैदानमें संगीत कवायत के लिए छात्र खड़े किए गए है। एक अंकवाली सबसे बड़ी विषम संख्या के जितनी कतारे है तथा प्रत्येक कतार में दो अंकवाली सबसे छोटी विषम संख्या जितने छात्र है। तो कवायत के लिए मैदानपर कुल कितने छात्र खड़े है?

(1) ९९ (2) १७१
(3) १८० (4) ३३

**35.** वृत्त को कितने सममिति अक्ष खींच सकते है?

(1) एक और एकही (2) दो
(3) असंख्य (4) एक भी नही

**36.** जोसेफ ने एक बक्से में १८ आम इसप्रकार १२ बक्से भरे तो ५ आम शेष रह गये तो जोसेफ के पास कितने आम थे?

(1) २१२ (2) २२१
(3) २१६ (4) २११

**37.** सुमेधने, जितने दोस्त है उतने ही पेन प्रत्येक दोस्त को बाँटे, तो उसने कुल पेन कितने बाँटे होंगे?

(1) २७ (2) ३८
(3) ५३ (4) ४९

**38.** ९,५,०,४,१ इन अंको का एक ही बार उपयोग करके पाँच अंकोवाली छोटी सी छोटी संख्या अमेय ने १०४५९, सफाने ०१४५९, तन्वीने ९५४१० तथा आर्याने ९५४०१ इस प्रकार से लिखी तो सही संख्या किसने लिखी?

(1) सफा (2) तन्वी
(3) अमेय (4) आर्या

**39.** शैक्षणिक सहल के लिए ३७ छात्रों ने प्रति छात्र ४५५ के हिसाब से रुपये जमा किए। उसमें से १२००० रुपये एस.टी. महामंडल में भरे तो अन्य खर्च के लिए कितने रुपये शेष रहेंगे?

(1) १६८३५ (2) ४८३५
(3) २८८३५ (4) ४७३५

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**40.** Identify the 3 numbers occuring in the following pattern.

100, 99, 97, 94, 90, ____, ____, ____

(1) 86, 81, 75 (2) 84, 79, 73

(3) 85, 79, 72 (4) 85, 80, 76

**41.** Which of the following fractions is greater than $\frac{4}{7}$?

(1) $\frac{3}{7}$ (2) $\frac{2}{7}$

(3) $\frac{1}{7}$ (4) $\frac{4}{3}$

**42.** In July, 14456 students visited the Science Center. In August, 19656 students visited the Science Centre. How many students, in all, visited the Science Centre in two months?

(1) 24002 (2) 34012

(3) 34112 (4) 5200

**43.** Sheetal wrote 5 ten thousand + 1 unit + 9 tens + 4 hundreds as 5491. What is the difference between the number and her written number?

(1) 55982 (2) 45000

(3) 0 (4) 4500

**44.** Select a number from the options to replace □.

```
      6□
  8)53□
  – 48
    05□
   –5 6
     0 1
```

(1) 8 (2) 7

(3) 5 (4) 6

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**40.** निम्न आकृतिबंध में क्रमशः आगे आनेवाली तीन संख्याएँ पहचानो।

१००, ९९, ९७, ९४, ९०, ....., ......, ......

(1) ८६, ८१, ७५ (2) ८४, ७९, ७३

(3) ८५, ७९, ७२ (4) ८५, ८०, ७६

**41.** $\frac{४}{७}$ इस भिन्न से निम्न भिन्नोंमें से कौन-सा भिन्न बड़ा है?

(1) $\frac{३}{७}$ (2) $\frac{२}{७}$

(3) $\frac{१}{७}$ (4) $\frac{४}{३}$

**42.** किसी विज्ञान केंद्र को जुलाई महिने में १४४५६ तथा अगस्त महिने में १९६५६ छात्रों ने भेट दी, तो दो महिनों में कुल कितने छात्रों ने विज्ञान केंद्र को भेट दी?

(1) २४००२ (2) ३४०१२

(3) ३४११२ (4) ५२००

**43.** शीतल ने ५ दसहजार + १ इकाई + ९ दहाई + ४ सैकड़ा यह संख्या ५४९१ इस प्रकार से लिखी तो शीतल ने लिखी हूई संख्या और सही संख्या में कितना अंतर होगा?

(1) ५५९८२ (2) ४५०००

(3) ० (4) ४५००

**44.** निम्न उदाहरण में □ के स्थानपर कौन-सा अंक आएगा. यह पर्याय से ढूँढो।

```
    ६□
८)५३□
 -४८
  ०५□
  -५६
   ०१
```

(1) ८ (2) ७

(3) ५ (4) ६

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**45.** A Company manufactures 14 three wheelers and some four wheeler vehicles in a day. The total number of wheels of all vehicles is 146. How many four wheelers vehicles were there?

(1) 42 (2) 104

(3) 108 (4) 26

**46.** Shrikant earned Rs. 33600 by selling 16 sacks of marigold flowers. If he has sold 1 kg of flowers for Rs. 60, how many kilograms of flowers did he sell?

(1) 35 (2) 45

(3) 560 (4) 550

**Instructions For Questions No. 47 to 49 :**

The given pictograph represents the snacks eaten by girl students in a college canteen on Sunday morning. Answer the questions using this information.

| Name of food items | Number of girl students |
|---|---|
| Idli-chutney | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |
| Kande pohe | ☺ ☺ ☺ ☺ |
| Upma | ☺ ☺ |
| Masala dosa | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |

Scale ☺ = 7 girl students.

**47.** What is the total number of girl students eating kande pohe and masala dosa?

(1) 28 (2) 63

(3) 35 (4) 77

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**45.** किसी कंपनी ने एक दिन में तीन पहिएवाले १४ तथा चार पहिएवाले कुछ वाहन बनाए। सभी वाहनों के पहियों की कुल संख्या १४६ है तो चार पहियोंवाले वाहनो की कुल संख्या कितनी होगी?

(1) ४२ (2) १०४

(3) १०८ (4) २६

**46.** श्रीकांतने १६ बोरिया गेंदे के फूल बेच कर ३३६०० रूपये कमाए अगर उसने एक किलो फूल ६० रूपये की दर से बेचे तो उसने कितने किलो फूल बेचे?

(1) ३५ (2) ४५

(3) ५६० (4) ५५०

**प्रश्न क्रमांक 47 से 49 के लिए सूचना :**

निम्न तालिका में किसी महाविद्यालय के उपहारगृह में रविवार के दिन सुबह छात्राओं ने खाए हुए पदार्थो की चित्ररूप जानकारी दी है। दी गई जानकारी के आधारपर पुछे गए प्रश्नों के उत्तर दो।

| पदार्थ के नाम | छात्राओं की संख्या |
|---|---|
| इडली चटनी | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |
| पोहा | ☺ ☺ ☺ ☺ |
| उपमा | ☺ ☺ |
| मसाला डोसा | ☺ ☺ ☺ ☺ ☺ |

पैमाना ☺ = ७ छात्रा

**47.** पोहा तथा मसाला डोसा खानेवाले छात्राओं की कुल संख्या कितनी है?

(1) २८ (2) ६३

(3) ३५ (4) ७७

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**48.** How much less or more is the number of girl students eating kande pohe and upma than the girls eating idli chutney and masala dosa?

(1) less by 42 (2) more by 42

(3) less by 84 (4) more by 84

**49.** Which food item is consumed very less?

(1) Idli chutney (2) Kande pohe

(3) Upma (4) Masala dosa

**50.** Identify the fractions with common denominator.

$\frac{4}{5}, \frac{3}{4}, \frac{5}{6}, \frac{6}{5}, \frac{4}{3}, \frac{1}{2}, \frac{1}{7}$

(1) $\frac{1}{2}, \frac{1}{7}$ (2) $\frac{4}{5}, \frac{4}{3}$


(3) $\frac{5}{6}, \frac{6}{5}$ (4) $\frac{4}{5}, \frac{6}{5}$

**51.** The area of a rectangle and a square is same and is 64 sq.cm. If the length of a rectangle is 16 cm, what will be its breadth?

(1) 16 cm. (2) 4 cm.

(3) 8 cm. (4) 32 cm.

**52.** Find the perimeter of the given figure.




(1) 30 (2) 25

(3) 27 (4) 17

**53.** Suraj divided 96 by 16 instead of 6. Then, by how much is his division wrong?

(1) 16 (2) 10

(3) 6 (4) 22

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**48.** पोहा तथा उपमा खानेवाली छात्रओं की संख्या, इडली चटनी तथा मसाला डोसा खानेवाली छात्राओं की संख्या से कितनी कम अथवा अधिक है?

(1) ४२ से कम है। (2) ४२ से अधिक हैं।
(3) ८४ से कम है। (4) ८४ से अधिक है।

**49.** उपहारगृह में छात्राओं ने कौन–सा पदार्थ सबसे कम खाया है?

(1) इडली–चटनी (2) पोहा
(3) उपमा (4) मसाला डोसा

**50.** निम्न भिन्नो में से समहर भिन्न पहचानो।


$\frac{४}{५}, \frac{३}{४}, \frac{५}{६}, \frac{६}{५}, \frac{४}{३}, \frac{१}{२}, \frac{१}{७}$

(1) $\frac{१}{२}, \frac{१}{७}$ (2) $\frac{४}{५}, \frac{४}{३}$
(3) $\frac{५}{६}, \frac{६}{५}$ (4) $\frac{४}{५}, \frac{६}{५}$

**51.** किसी आयत तथा वर्ग का क्षेत्रफल समान है। अगर वर्ग तथा आयत का क्षेत्रफल ६४ वर्ग सेमी है, तथा आयत की लंबाई १६ सेमी हो तो उस आयत की चौड़ाई कितनी होगी?

(1) १६ सेमी. (2) ४ सेमी.
(3) ८ सेमी. (4) ३२ सेमी.

**52.** नीचे दी गई आकृति की परिमिति ज्ञात करो




(1) ३० (2) २५
(3) २७ (4) १७

**53.** सूरज ने ९६ में ६ से भाग देने के बजाय १६ से भाग किया तो उसका भागफल कितने से गलत हुआ?

(1) १६ (2) १०
(3) ६ (4) २२

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**54.** There are 5719 elephants in Assam. Meghalaya has 3965 more elephants than in Assam. Then, how many elephants are there in Meghalaya?

(1) 8674 (2) 1754

(3) 1854 (4) 9684

**55.** While purchasing a refrigerator, Suhas gave a cheque of Rs. 64389/- to the shopkeeper. How will he write the amount, in words, on the cheque?

(1) Sixty four thousand three hundred and seventy nine.

(2) Sixty four thousand three hundred and ninety eight.

(3) Sixty four thousand three hundred and eighty nine.


(4) Sixty four thousand eight hundred and nine.

**56.** For travel, Shabnam thought of two options as Airways and Railways. The Air ticket fare was Rs. 13756/- and the Rail ticket fare was Rs. 2398/-. By how much is the Air ticket fare more than the Rail ticket fare?


(1) Rs. 11358/- (2) Rs. 16154/-

(3) Rs. 11442/- (4) Rs. 11468/-


**57.** In the figures given below, which option of shaded portion indicates a proper fraction?




(a)



(b)



(c)



(d)

(1) a (2) b

(3) c (4) d

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**54.** आसाम में ५७१९ हाथी है। आसाम की अपेक्षा मेघालय में ३९६५ हाथी अधिक है तो मेघालय में कितने हाथी है?

(1) ८६७४ (2) १७५४
(3) १८५४ (4) ९६८४


**55.** सुहासने फ्रिज खरिदने के लिए दूकानदार को ६४३८९ रुपयों का धनादेश दिया। धनादेश पर की यह रकम अक्षरों में कैसे लिखोगे?


(1) चौसठ हजार तीन सौ उनासी
(2) चौसठ हजार तीन सौ अठानवे
(3) चौसठ हजार तीन सौ नवासी
(4) चौसठ हजार आठ सौ नौ


**56.** शबनम ने यात्रा के लिए हवाईजहाज तथा रेल इन दो पर्यायों के बारें में सोचा। हवाईजहाज का टिकट १३७५६ रुपये तथा रेल का टिकट २३९८ रुपये था तो हवाईजहाज का टिकट रेल टिकट से कितना अधिक था?


(1) ११३५८ (2) १६१५४
(3) ११४४२ (4) ११४६८

**57.** नीचे दी गई कौनसी आकृति का रेखांकित भाग हराधिक भिन्न दर्शाता है?


(अ)


(ब)


(क)


(ड)


(1) अ (2) ब
(3) क (4) ड

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**58.** Shivam needs 15 minutes to water the backyard of the school. To water the same backyard, Seema needs a quarter of an hour, Sonali needs 900 seconds and Rahul takes half an hour. Then, who needs the longest time to water the backyard?


(1) Shivam (2) Rahul
(3) Sonali (4) Seema

**59.** What is the number of diameter and radii respectively in the given circle?



(1) 6, 2 (2) 6, 3
(3) 3, 6 (4) 2, 6


**60.** In the figure given below, in which of the clock, the hands are not forming an obtuse angle?



(a) (b) (c) (d)

(1) a (2) c
(3) d (4) b

**61.** Which 3 dimensional figure is formed when the paper is folded at the given lines.



(a) (b) (c) (d)


(1) d (2) a
(3) b (4) c

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**58.** विद्यालय के बगीचे के पौधों को पानी डालने के लिए शिवम को १५ मिनट, सीमा को पाव घंटा, सोनाली को ९०० सेकंड तथा राहूल को आधा घंटा लगता है, तो पानी  डालने के लिए सबसे अधिक समय किसे लगता है?


(1) शिवम (2) राहूल
(3) सोनाली (4) सीमा

**59.** नीचे दिए गए वृत्त में व्यास तथा त्रिज्या की संख्या क्रमशः कितनी है?



(1) ६, २ (2) ६, ३
(3) ३, ६ (4) २, ६


**60.** निम्न घड़ियों में से कौनसी घड़ी की दो सुईयों में अधिक कोण बना नही है?



(अ) (ब) (क) (ड)

(1) अ (2) क
(3) ड (4) ब

**61.** निम्न आकृति में दी गई रेखाओंको मोडने पर कौन-सी त्रिमितिय आकृति तैयार होती है?



(अ) (ब) (क) (ड)

(1) ड (2) अ
(3) ब (4) क

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**62.** The arrival time of Chennama Express at the station was 8.00 p.m. on Monday. If the train arrived 5 hours late, then at what time did the train arrive?

(1) Monday 1.00 a.m.

(2) Monday 1.00 p.m.

(3) Tuesday 1.00 p.m.

(4) Tuesday 1.00 a.m.

**63.** Megha has equal number of notes of denomination of Rs. 50, Rs. 100, Rs. 200 and Rs. 500. The total amount is Rs. 3400/-. Then, how many notes does she have?

(1) 16 (2) 4

(3) 8 (4) 12

**64.** Saniya has 1 Ream of papers. She has to file 1 quire papers in each file. How many files will she require to file all the papers?

(1) 40 (2) 24

(3) 20 (4) 480

**65.** One cuboid is cut and 2 cubes of equal size are formed. Which of the following statements is true with respect to the numbers of edges of cube and number of edges of cuboid?

(1) Number of edges of cubes is 12 less than the number of edges of cuboid.

(2) Number of edges of cubes is 12 more than the number of edges of cuboid.

(3) Number of edges of cubes is same as the number of edges of cuboid.

(4) Number of edges of cubes is half the number of edges of cuboid.

**SPACE FOR ROUGH WORK**

62. रानी चेन्नमा एक्सप्रेस का स्टेशन पर आने का समय सोमवार मध्याह्नोत्तर ८ बजे का था। वह एक्सप्रेस पाँच घंटा विलंबसे स्टेशनपर आई तो वह एक्सप्रेस स्टेशनपर कितने बजे आई?

(1) सोमवार मध्याह्नपूर्व १ बजे

(2) सोमवार मध्याह्नोत्तर १ बजे

(3) मंगलवार मध्याह्नोत्तर १ बजे

(4) मंगलवार मध्याह्नपूर्व १ बजे

63. मेघा के पास ५०, १००, २०० तथा ५०० की नोटों की संख्या समान है तथा उसकी कुल रकम ३४०० रुपये है। तो उसके पास की नोटों की कुल संख्या कितनी?

(1) १६ (2) ४

(3) ८ (4) १२

64. सानिया के पास १ रिम कागज है उसे प्रत्येक फाईल में १ दस्ता कागज रखने है तो सानिया को सभी कागज रखने के लिए कितनी फाईलें लगेगी?

(1) ४० (2) २४

(3) २० (4) ४८०

65. एक घनाभ को काटकर उससे दो समान माप के घन तैयार किए। दोनो घनों की कोरों की संख्या तथा घनाभ की कोरों की संख्या इनके संबंध में निम्न विधानों में से कौन-सा विधान सत्य है?

(1) घन की कोरों की संख्या घनाभ की कोरों की संख्या से १२ से कम है।


(2) घन की कोरों की संख्या घनाभ की कोरों की संख्या से १२ से अधिक है।


(3) घन तथा घनाभ की कोरों की संख्या समान है।


(4) घन की कोरों की संख्या घनाभ की कोरों की संख्या से आधी है।


**रफ कार्य हेतू स्थान**


**66.** Which figure will replace '?' in the below given figure pattern?




(1)



(2)



(3)



(4)



**67.** If Teachers' Day in 2026 falls on Saturday then what day will be the Childrens' Day in the same year?

(1) Monday
(2) Sunday
(3) Friday
(4) Saturday

**68.** Which of the following options express the fraction $\frac{3}{4}$ in incorrect form?

(1) $3 \times \frac{1}{4}$


(2) $3 + \frac{1}{4}$


(3) $\frac{1}{4} + \frac{1}{4} + \frac{1}{4}$


(4) 3 times $\frac{1}{4}$


**SPACE FOR ROUGH WORK**


**66.** निम्न आकृतिबंध में क्रम से अगला चित्र कोन–सा होगा ?




(1)



(2)



(3)



(4)



**67.** साल २०२६ में शिक्षक दिन शनिवार को आता है, तो उसी साल बालदिन कौन–से वार को आएगा?

(1) सोमवार (2) रविवार

(3) शुक्रवार (4) शनिवार

**68.** $\frac{३}{४}$ यह भिन्न निम्न भिन्नों मे से किस प्रकार से लिखने पर गलत होगा?

(1) $३ \times \frac{१}{४}$


(2) $३ + \frac{१}{४}$

(3) $\frac{१}{४} + \frac{१}{४} + \frac{१}{४}$

(4) $\frac{१}{४}$ का ३ गुणा

<u>**रफ कार्य हेतू स्थान**</u>

**69.** Which of the following options does not indicate the fraction expressed in figure?



(1) One and half    (2) 2 and half

(3) Two full and half    (4) $2\frac{1}{2}$

**70.** Mother filled Amla sherbat in 4 bottles with $\frac{1}{2}$ litre in each bottle. A quarter litre sherbat is remaining. How many litres of sherbat did she make?


(1) 2 litres

(2) One and a half litre


(3) 2 and a quarter litre


(4) 3 litres


**71.** Which of the following options will appear in the picture pattern?




?

(1) 


(2) 

(3) 

(4) 

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**69.** नीचे दिए गए पर्यायों में से कौन-सा पर्याय आकृत्तिद्वारा दिखाया गया भिन्न नही दर्शाता है?



(1) डेढ़ (2) ढ़ाई

(3) दो पूर्ण और आधा (4) $२\frac{१}{२}$

**70.** माँ ने एक बोतल में आधा लीटर आवला शरबत ऐसे चार बोंतलों में आवला शरबत भरने के बाद पाव लीटर शरबत शेष रह गया तो माँ ने कुल कितने लीटर शरबत बनाया?


(1) दो


(2) डेढ़


(3) सवा दो


(4) तीन


**71.** नीचे दिए गए आकृतिबंध में आगे कौन-से चित्र आएगे?



(1) 

(2) 

(3) 

(4) 

| रफ कार्य हेतू स्थान |
|---|
| |

**72.** Between 1 to 100, by how much is the biggest prime number greater than the smallest prime number?

(1) 96 (2) 97

(3) 98 (4) 95

**73.** Manoj plucked 5 kg. grapes from a grape wine yard. He filled 3 boxes each with half kg grapes, 2 boxes each with a quarter kg. grapes and some boxes with 1 kg. grapes. How many 1 kg. boxes did he fill?

(1) 1 (2) 3

(3) 2 (4) 5

**74.** Swara bought 2 books of Ganit Pravinya exam for Rs. 175/- each. She gave Rs. 500/- note to the shopkeeper. He returned some Rs. 50/- notes to her. How many Rs. 50/- notes did the shopkeeper return to Swara?

(1) 3 (2) 15

(3) 30 (4) 2

**75.** The number of edges of a cylinder is ______________ the number of vertices of the cylinder.

(1) less by 2 (2) less by 1

(3) More by 2 (4) More by 1

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**72.** १ से १०० तक की अभाज्य संख्याओं में से सबसे बडी अभाज्य संख्या सबसे छोटी अभाज्य संख्यासे कितनी बड़ी है?

(1) ९६ (2) ९७

(3) ९८ (4) ९५

**73.** मनोज ने अंगूर के बाग से पाँच किलो अंगूर निकाले, उसने आधा किलो अंगुरों की ३ पेटियाँ, पाव किलो अंगूरों की दो पेटियाँ और बचे हुए अंगूरों की एक किलो की कुछ पेटियाँ भरी तो उसने एक किलो अंगूरों की कितनी पेटियाँ भरी?

(1) १ (2) ३

(3) २ (4) ५

**74.** स्वराने गणित प्राविण्य परीक्षा की १७५ रुपये प्रति किताब की दर से दो किताबें खरिदी। उसने दुकानदार को ५०० रुपयों की नोट दी। दुकानदार ने उसे ५० रुपयों के कुछ नोट वापस दिए तो दुकानदार ने उसे ५० रुपयों के कितने नोट वापस दिए?

(1) ३ (2) १५

(3) ३० (4) २

**75.** लंबवृत्ताकार बेलन के कोरों की संख्या कोनों की संख्या से .......... होती है।

(1) २ से कम (2) १ से कम

(3) २ से अधिक (4) १ से अधिक

**रफ कार्य हेतू स्थान**

**रफ कार्य हेतू स्थान**